(i) Printed Pages : 4 Roll No. ...............................

(ii) Questions : 9

Sub. Code : | 0 | 3 | 0 | 8 |

Exam. Code : | 0 | 0 | 0 | 4 |

**B.A./B.Sc. (General) 4th Semester**

**(2053)**

**HINDI (Elective)**

**Paper : (Same for Shastri Semester-IV)**

**Time Allowed : Three Hours] [Maximum Marks : 90**

नोट :— (1) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(2) भाषा शुद्ध एवं स्पष्ट होनी चाहिए।

1. (क) किन्हीं दो पद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या करें :—

(i) झरें सुमन बिखरे अक्षत सित
धूप अर्घ्य-नैवेद्य अपरिमित
तम में सब होंगे अंतर्हित
सबकी अर्चित कथा इसी लौ में पलने दो।

(ii) रूपों में एक अरूप सदा खिलता है,
गोचर में एक अगोचर अप्रमेय
अनुभव में एक अतीन्द्रिय
पुरुषों के हर वैभव में ओझल
अपौरुषेय मिलता है।

(iii) जीवन है कुछ इतना विराट, इतना व्यापक
उसमें है सबके लिए जगह, सबका महत्त्व,
ओ मेजों की कोरों पर माथा रखकर रोने वाले
यह दर्द तुम्हारा नहीं सिर्फ, यह सबका है।

(iv) ऐसा तेरा लोक, वेदना
नहीं, नहीं जिसमें अवसाद
जलना जाना नहीं, नहीं —
जिसने जाना मिटने का स्वाद ! 4+4=8

(ख) महादेवी वर्मा की काव्यगत विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

**अथवा**

'टूटा पहिया' कविता का सार अपने शब्दों में लिखिए। 10

2. भारतेन्दु युग की प्रवृत्तियों का वर्णन करें।

**अथवा**

छाया की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। 10

3. 'मैत्री' एकांकी के उद्देश्य को प्रतिपादित करें।

**अथवा**

समुद्रगुप्त का चरित्र चित्रण कीजिए। 8

4. एकांकी के प्रमुख प्रकारों पर प्रकाश डालें।

**अथवा**

एकांकी के तत्वों का वर्णन करें। 10

5. किन्हीं **पाँच** टिप्पणियों के हिन्दी रूप लिखिए :—

(i) Application may be rejected.

(ii) Copy is enclosed.

(iii) Keep pending.

(iv) Issue a circular.

(v) Expedite action.

(vi) Reminder may be sent.

(vii) Order may be issued.

(viii) Verified and found correct. 10

6. निम्न गद्यांश का सार लिखते हुए उचित शीर्षक दीजिए :—

भारतीय संस्कृति अनेकता में एकता खोजती है। भारत के दार्शनिक प्राचीन काल से ही संसार और प्रकृति की अनेकता में एकता की तलाश करते हैं। राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में भी भारतीय विचारकों ने इसी एकता की खोज की है। इसलिए कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक यह विशाल देश सब प्रकार की भौगोलिक अनेकताओं के होते हुए भी एक देश माना जाता है। सामाजिक क्षेत्र में विभिन्न जातियों तथा वर्णों के होते हुए भी विश्व-बन्धुता और उदारता के विचार एकता उत्पन्न करते हैं। राजनीतिक क्षेत्र में भारतवर्ष नाम ही देश की एकता का साक्षी है। 8

7. जिलाधीश, श्री मुक्तसर साहिब की ओर से जिला स्वास्थ्य अधिकारी को लिखे जाने वाले पत्र का प्रारूप जिसमें नगर की सफाई व्यवस्था का आदेश दिया गया हो।

**अथवा**

पंजाब विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार की ओर से सरकारी महाविद्यालय, मुक्तसर के प्राचार्य को पत्र लिखिए जिसमें सत्र 2023-24 से महाविद्यालय में एम.ए. हिन्दी की कक्षाएं शुरु करने की अनुमति प्रदान की गई हो। 8

8. किसी एक विषय पर विस्तार में लिखिए :—

(i) समय का महत्व।

(ii) परहित सरिस धर्म नहिं भाई।

(iii) राष्ट्रीय एकता। 8

9. किन्हीं दस वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए :—

(i) अज्ञेय किस काव्यधारा के प्रवर्तक हैं ?

(ii) 'नीहार' किस छायावादी कवयित्री की रचना है ?

(iii) अज्ञेय का पूरा नाम लिखिए।

(iv) छायावाद के प्रवर्त्तक का नाम लिखें।

(v) महादेवी वर्मा की दो रचनाओं के नाम लिखें।

(vi) भारतेन्दु हरिश्चंद्र की दो काव्य-कृतियों के नाम लिखिए।

(vii) 'कनुप्रिया' शीर्षक कविता किस कवि की कौनसी रचना में से ली गई है ?

(viii) 'यह मंदिर का दीप' कविता किस काव्य संग्रह में संकलित है ?

(ix) 'मैत्री' एकांकी के दोनों मित्रों के नाम लिखें।

(x) जगन्नाथ किस एकांकी का पात्र है ?

(xi) 'नए मेहमान' एकांकी में किस समस्या का वर्णन है ?

(xii) प्रयोगवाद की दो विशेषताओं का वर्णन करें।

(xiii) 'मेंड़ तोड़ दी' एकांकी के लेखक कौन हैं ?

(xiv) मणिभद्र के चरित्र की दो विशेषताएं लिखिए।

(xv) धर्मवीर भारती की दो काव्य-रचनाओं के नाम लिखें। 10